TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




# 2024

teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar
https://www.facebook.com/teachersofbihar
https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar
www.teachersofbihar.org

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 26 जुलाई

1. **कारगिल विजय दिवस–** इस दिन भारत और पाकिस्तान के बीच 60 दिनों से चल रहा कारगिल का युद्ध 26 जुलाई, 1999 ई. को समाप्त हो गया था। यह युद्ध मई महीने में कश्मीर के कारगिल से शुरू हुआ था। इस युद्ध का कारण यह था कि बड़ी संख्या में पाकिस्तानी सैनिकों व पाक समर्थित आतंकवादियों लाइन ऑफ कंट्रोल को पार कर भारत में प्रवेश कर आये थे। इस युद्ध में भारत के लगभग 527 से अधिक वीर योद्धा शहीद हुए और 1300 से ज्यादा घायल हुए। इस युद्ध को जीतने में शहीद हुए सैनिकों के सम्मान में यह दिन मनाया जाता है।
2. **इण्डियन एसोसिएशन की स्थापना–** 26 जुलाई, 1876 ई. को इंडिया लीग का स्थान सुरेन्द्रनाथ बनर्जी तथा आनंद मोहन बोस द्वारा स्थापित इण्डियन एसोसिएशन ने ले लिया। इण्डियन एसोसिएशन के प्रयासों से पहली भारतीय राष्ट्रीय कांफ्रेंस दिसम्बर 1883 में बुलाई गयी थी जिसके अध्यक्ष आनंद मोहन बोस थे।
3. **रोबोटिक्स के जनक** जोसेफ एफ. एंगेलबर्गर का जन्म 26 जुलाई, 1926 ई. को हुआ था। इन्होंने सन् 1950 में यू.एस. में प्रथम औद्योगिक रोबोट का निर्माण किया था।
4. **क्यूबा की क्रांति–** कम्यूनिस्ट क्रांतिकारी फिडेल कास्त्रो के नेतृत्व में क्यूबा के राष्ट्रपति फल्गेंसिया बतिस्ता के विरूद्ध किया गया सशस्त्र विद्रोह क्यूबा की क्रांति के नाम से जाना जाता है जो 26 जुलाई, 1953 ई. को शुरू हुई थी। यह क्रान्ति 1 जनवरी, 1959 ई. को समाप्त हुआ जब क्यूबा की सरकार को अपदस्थ करके समाजवादी राज्य की स्थापना हुई।
5. **अंतर्राष्ट्रीय मैंग्रोव पारिस्थितिकी तंत्र संरक्षण दिवस–** राष्ट्रीय पर्यावरण नीति–2006 में यह माना गया है कि मैंग्रोव एक महत्वपूर्ण समुद्रतटीय पर्यावरण संसाधन है। मैंग्रोव शब्द की उत्पत्ति पुर्तगाली शब्द 'मैन्गयू' और अंग्रेजी शब्द 'ग्रोव' से हुई है। मैन्गयू का अर्थ होता है 'सामूहिक' और ग्रोव का अर्थ होता है 'सामान्य से कम विकसित बौने पेड़–पौधों का जंगल'। हिन्दी भाषा में इन्हे 'कच्छीय वनस्पति' के नाम से जाना जाता है। मैंग्रोव ऐसे वृक्ष होते हैं जो खारे पानी में पाये जाते हैं। अक्सर ये तटीय क्षेत्रों में होते हैं जहाँ कोई नदी किसी सगर में बह रही होती है और जिस जल में मीठे और खारे पानी का मिश्रण होता है। मैंग्रोव वन इसलिये महत्वपूर्ण होते हैं क्योंकि ये तटों को कटाव से रोकते हैं और बहुत से प्राणी, मछली, और पक्षी जातियों को निवास व सुरक्षा प्रदान करते हैं। मैंग्रोव वन विश्व के उष्णकटिबन्धीय या उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में पाये जाते हैं। भारत का सुन्दरवन विश्व का सबसे बड़ा मैंग्रोव क्षेत्र है। इसका कुछ भाग बांग्लादेश में है। यह गंगा और ब्रह्मपुत्र नदियों के समुद्र में संगम के स्थल के आस–पास विस्तृत है। प्रतिवर्ष 26 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय मैंग्रोव पारिस्थितिकी तंत्र संरक्षण दिवस मनाया जाता है।

Friday

मधु प्रिया

# कारगिल विजय दिवस 26 जुलाई




कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। भारत में प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को यह दिवस मनाया जाता है। इस दिन भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था। जो लगभग 60 दिनों तक चला और 26 जुलाई के दिन उसका अंत हुआ, और इसमें भारत विजय हुआ। कारगिल विजय दिवस युद्ध में शहीद हुए भारतीय जवानों के सम्मान हेतु यह दिवस मनाया जाता है। 26 जुलाई 1999 का वो दिन भारतीय सेना के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में दर्ज है। इसी दिन भारत ने दुनिया के सबसे मुश्किल युद्धों मे से एक कारगिर युद्ध में जीत हासिल की थी। 1999 में कारगिल-द्रास सेक्टर में पाकिस्तानी घुसपैठियों से भारतीय क्षेत्रों को वापस लेने के लिए भारतीय सेना द्वारा 'ऑपरेशन विजय' शुरू किया गया था। कारगिल युद्ध में सैनिकों द्वारा किए गए बलिदान को याद करने के लिए हर साल 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है। कारगिल युद्ध 1999 में हुआ था, जब पाकिस्तानी सेना और कश्मीरी आतंकवादियों को कारगिल की चोटी पर पाया गया था।

# जयंती विशेष 26 जुलाई

राकेश कुमार




**विद्यावती 'कोकिल'** *Vidyavati Kokil*, जन्म- 26 जुलाई, 1914, मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश) को भारत की प्रसिद्ध कवयित्रियों में स्थान प्राप्त है। उनकी प्रारम्भिक रचनाओं का प्रथम काव्य-संकलन प्रणय, प्रगति एवं जीवनानुभूति के हृदयग्राही गीतों के संग्रह-रूप में प्रकाशित हुआ था। कोकिल जी मूलत: एक गीतकार थीं। गीति-तत्त्व की सहज तरलता उनकी कविताओं की आंतरिक विशेषता है।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 26.07.2024

## ह्यूरिस्टिक विधि

'ह्यूरिस्टिक' शब्द की उत्पत्ति एक ग्रीक शब्द से हुई है जिसका अर्थ तथ्यों और संबंधों को खोजना या ज्ञात करना है। हेनरी एडवर्ड आर्मस्ट्रांग ने इस पद्धति का परिचय दिया। अनुमानी (ह्यूरिस्टिक) पद्धति शिक्षण की एक ऐसी पद्धति है जिसमें बच्चों को यथासंभव एक खोजकर्ता के दृष्टिकोण में रखना शामिल है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar




**केरल वाटर मेट्रो चलाने वाला भारत का पहला राज्य बन चूका है**

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 442

## काशी विश्वनाथ मंदिर की स्थापना किसने किया था ?

A. अहिल्या बाई होल्कर

B. महात्मा गांधी

C. बाल गंगाधर तिलक

D. शिवानंद



# TOB

राकेश कुमार



## खेल कॉर्नर



### भारत के लिए ओलम्पिक मेडल जीतने वाली महिलाएं



**कर्णम मल्लेश्वरी**
वेटलिफ्टिंग
ब्रॉन्ज (2000)



**साइना नेहवाल**
बैडमिंटन
ब्रॉन्ज (2012)



**एमसी मेरीकॉम**
बॉक्सिंग
ब्रॉन्ज (2012)



**पीवी सिंधु**
बैडमिंटन
सिल्वर (2016)
ब्रॉन्ज (2021)



**साक्षी मलिक**
कुश्ती
ब्रॉन्ज (2012)



**मीराबाई चानू**
वेटलिफ्टिंग
ब्रॉन्ज (2021)



**लवलीना बोरगोहेन**
बॉक्सिंग
सिल्वर (2021)

स्रोत: दैनिक भास्कर




# कारगिल विजय दिवस

**कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को शत्-शत् नमन।**

पुनीता कुमारी

www.teachersofbihar.org


26 जुलाई
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
कारगिल विजय दिवस
युद्ध में शहीद हुए सभी भारतीय जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि।
www.teachersofbihar.org
Madhu priya

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग
शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार
Department of School Education & Literacy
Ministry of Education,
Government of India

PM SHRI

शिक्षा विभाग
बिहार सरकार

# विद्यालयों में शिक्षा सप्ताह

## Celebrating Day 4:
## Cultural Day



मध्य विद्यालय निजाचकम
दिघवारा, सारण



मध्य विद्यालय जगदीशपुर
भागलपुर



प्राथमिक विद्यालय प्रखंड कॉलोनी
फुलवारीशरीफ पटना




प्राथमिक विद्यालय जटमलपुर ढाब
कहार टोली

Created by- Ravi Sharma

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

टीचर्स ऑफ़ बिहार द्वारा शिक्षाहित में प्रेषित
www.teachersofbihar.org

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग
शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार
Department of School Education & Literacy
Ministry of Education,
Government of India

PM SHRI

## बिहार के विद्यालयों में

# शिक्षा सप्ताह

### Celebrating Day 4

## सांस्कृतिक दिवस










Ravi Sharma







**प्राथमिक विद्यालय छुरछुरिया**
**प्रखंड फारबिसगंज अररिया**

TEACHERS OF BIHAR – THE CHANGE MAKERS

www.teachersofbihar.org

द्वारा शिक्षाहित में प्रेषित

26 जुलाई 2024

# Teachers of Bihar


The Change Makers

## आज का सुविचार

एकमात्र अच्छाई ज्ञान है, और

एकमात्र बुराई अज्ञानता है।

हेरोडोटस



राकेश कुमार